अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)

www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 1978 / परीक्षा–गोपनीय / 2026 बिलासपुर दिनांक 01 / 07 / 2026

–:: अधिसूचना::–

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के मुख्य परीक्षा–2026 के स्नातक पाठ्यक्रमों **(बी.ए. / बी.एससी. / बी.एससी. (होम साइंस) / बी.कॉम. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए. भाग– दो एवं तीन** के **पूरक** घोषित परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा–2026 में सम्मिलित होने हेतु विश्वविद्यालय के अधिकृत वेब पोर्टल http://exam.bucgexam.in के माध्यम से आनलाईन परीक्षा आवेदन एवं परीक्षा शुल्क भुगतान करने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है :–

क्र.	विवरण	तिथि
01	आनलाईन **पूरक परीक्षा** आवेदन करने एवं आनलाईन शुल्क भुगतान करने की तिथि **(बिना विलंब शुल्क)**	16 / 07 / 2026 से 30 / 07 / 2026 तक
02	आनलाईन **पूरक परीक्षा** आवेदन करने एवं आनलाईन शुल्क भुगतान करने की तिथि **(विलंब शुल्क के साथ)**	04 / 08 / 2026 तक
03	छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये आनलाईन **पूरक परीक्षा** आवेदनों की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित **महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र** में जमा करने की तिथि	05 / 08 / 2026 तक
03	**महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र** द्वारा आनलाईन **पूरक परीक्षा** आवेदनों की सूची (Enrollment return/roll list 2025-26), पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में आवेदनों को समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ सूक्ष्मता पूर्वक जांच करने के पश्चात् विधिवत अग्रेषित करते हुये निर्धारित तिथि में विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।	06 / 08 / 2026 तक

❖ *पूरक परीक्षा की समय–सारणी एवं परीक्षा आयोजन संबंधी विस्तृत दिशा–निर्देश पृथक से जारी किया जायेगा।*

विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा–2026 के स्नातक पाठ्यक्रमों **(बी.ए. / बी.एससी. / बी.एससी. (होम साइंस) / बी.कॉम. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए.) के भाग–दो एवं तीन** के परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत पुनर्गणना / पुनर्मूल्यांकन हेतु जिन परीक्षार्थियों द्वारा आनलाईन आवेदन किया गया है, वे पुनर्गणना / पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी होने पर यदि पूरक घोषित होते हैं तो ऐसे परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा जारी पूरक परीक्षा समय–सारणी (परीक्षा तिथि) से एक दिन पूर्व तक परीक्षा आवेदन कर सकेंगे तथा परीक्षा शुल्क का आनलाईन भुगतान कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केन्द्र से पूरक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय

बिलासपुर।

पृ. क्रमांक / 1980 / परीक्षा–गोपनीय / 2026 बिलासपुर दिनांक 01 / 07 / 2026

01. कुलपति जी के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।

02. कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।

03. वित्ताधिकारी / सहायक कुलसचिव (वित्त / अकादमी / भंडार / गोपनीय) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।

04. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र / छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आनलाईन पूरक परीक्षा फार्म भरने हेतु सूचित करें।

05. संपादक / संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)